# कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः— 211002

ई—मेल आई डीः— secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com


## विज्ञप्ति

**डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण 2025 प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने तथा आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु समय—सारिणी**

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 हेतु शासनादेश सं0 1169/अरसठ—4—2025—2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग—4, दिनांक 12.11.2025 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त में काउंसलिंग/प्रवेश की कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देश तथा शासनादेश सं0 1379/68—4—2025 बेसिक शिक्षा अनुभाग—4, लखनऊ दिनांक 07.01.2026 के क्रम में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025** में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से दो चरणों में मेरिट के सापेक्ष प्रशिक्षण संस्थान के आवंटन हेतु **संस्थान का विकल्प वेबसाइट https://updeled.gov.in** के माध्यम से भरे जाने हेतु समय—सारिणी निम्नवत् है —

| | | |
|---|---|---|
| स्टेट रैंक **01 से 1,24,230 तक** के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने हेतु **रू0 5000/—(रू0 पॉच हजार मात्र)** का ऑनलाइन भुगतान करने की तिथि | **08 जनवरी 2026 सायं से** | **10 फरवरी 2026 तक** |

**PHASE- 1**

| क्र0 स0 | संस्थान का विकल्प भरने की तिथि | स्टेट रैंक | संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि | आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12 जनवरी 2026 (सायं) से 14 जनवरी 2026 तक | रैंक 01 से 20,000 तक | 15 जनवरी 2026 | 17 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 सायं 06:00 बजे तक प्रवेश लेने की अंतिम तिथि |
| 02 | 15 जनवरी 2026 (सायं) से 18 जनवरी 2026 तक | रैंक 20,001 से 70,000 तक एवं (क्रम सं0 01 में विकल्प न भर पाने वाले एवं ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रशिक्षण संस्थान आवंटित न हुआ हो ) | 19 जनवरी 2026 | |
| 03 | 19 जनवरी 2026 (सायं) से 22 जनवरी 2026 तक | रैंक 70,001 से 1,24,230 तक एवं (क्रम सं0 01 एवं 02 में विकल्प न भर पाने वाले एवं ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रशिक्षण संस्थान आवंटित न हुआ हो ) | 23 जनवरी 2026 | |
| 04 | प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर ऑनलाइन रिपोर्ट/लॉक करने की अंतिम तिथि | | | 01 फरवरी 2026 |

**PHASE- 2**

| क्र0 स0 | संस्थान का विकल्प भरने की तिथि | स्टेट रैंक | संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि | आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05.02.2026 (सायं) से 08.02.2026 तक | रैंक 01 से 1,24,230 तक के अन्य राज्य के अभ्यर्थी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति तथा विशेष आरक्षण श्रेणी के प्रवेश/आवंटन न पाने वालें उ0प्र0 राज्य के निवासी अभ्यर्थी | 09 फरवरी 2026 | 11 फरवरी 2026 से 21 फरवरी 2026 सायं 05:00 बजे तक प्रवेश लेने की |
| 02 | 09.02.2026 (सायं) से 12.02.2026 तक | रैंक 01 से 1,24,230 तक के समस्त आवेदित अभ्यर्थी (समस्त अभ्यर्थियों को | 13 फरवरी 2026 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रवेश का अवसर प्रदान किये जाने के उपरान्त, आरक्षित श्रेणी (पिछड़ी जाति/अनुसूचित जाति/ जनजाति/ विशेष आरक्षित श्रेणी) के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर, उक्त आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों को अनारक्षित सीटों पर परिवर्तित करते हुए | | अंतिम तिथि |
| 03 | प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रिपोर्ट/लॉक करने की अंतिम तिथि (नोट– निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को वेबसाइट https://updeled.gov.in पर ऑनलाइन रिपोर्ट/लॉक नहीं किये जाने पर, लिया गया प्रवेश मान्य नहीं होगा ) | | | 23 फरवरी 2026 |
| 04 | प्रशिक्षण प्रारम्भ | | | 24 फरवरी 2026 |

नोट –

1. आवेदित समस्त 1,24,230 अभ्यर्थियों की मेरिट/स्टेट रैंकिंग वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर **दिनांक 08.01.2026 (सायं) को प्रकाशित की जाएगी।**
2. प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों/निजी डी0एल0एड0 संस्थानों में आवंटित सीटों की संख्या, वर्गवार/श्रेणीवार रिक्त सीटों की सीट मैट्रिक्स वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थियों द्वारा संस्थानों का विकल्प भरे जाने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश भी उपलब्ध है।
3. स्टेट रैंक के आधार पर काउंसलिंग के चक्र/चरण में आने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने से पूर्व, प्रशिक्षण संस्थान के अग्रिम शुल्क के रूप में Allotment Fees रू0 5000/–(रू0 पॉच हजार मात्र) का ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा। भुगतान के पुष्टि (confirmation) होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपनी पसन्द (Choice) के प्रशिक्षण संस्थानों का विकल्प ऑन लाइन पूरित कर सकेंगे।
4. आवंटित प्रशिक्षण संस्थान मे अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की पुष्टि (Confirmation) हेतु Allotment Letter प्रिंट करने हेतु अभ्यर्थी को पुनः प्रशिक्षण अग्रिम शुल्क के रूप में रू0 5000/–(पॉच हजार मात्र) का ऑनलाइन भुगतान पुनः करना होगा। भुगतान पूर्ण होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी आवंटित प्रशिक्षण संस्थान का आवंटन पत्र (Allotment Letter) प्रिंट कर सकेंगे।
5. यदि अभ्यर्थी आवंटित प्रशिक्षण संस्थान हेतु पुष्टि नहीं करता है अथवा प्रवेश नहीं लेता है तो कालेज के अग्रिम शुल्क के रूप में भुगतान किये गये Allotment Fees रू0 5000/– अभ्यर्थी को वापस नहीं की जाएगी एवं काउंसलिंग के अग्रिम चक्र/चरण में अभ्यर्थी को प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प पूरित किये जाने हेतु पुनः रू0 5000/– का भुगतान करना होगा।
6. आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में अभ्यर्थी द्वारा, निर्धारित अंतिम तिथि तक अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु उपस्थित न होने, प्रवेश न लिये जाने व किसी भी प्रकार की अभिलेखीय विसंगति पाये जाने पर, उनके द्वारा भुगतान किये गये दोनो शुल्क Allotment Fees रू0 5000/– एवं Confirmation Fees रू0 5000/– को किसी भी स्थिति में वापस (Refund) नहीं किया जाएगा।
7. अभ्यर्थी उक्त आवंटन पत्र के साथ अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि को आवंटित संस्थान में अपने समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे।

ऑन लाइन विकल्प पूरित करने/अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया से पूर्व अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

7.1.26

रजिस्ट्रार
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज